अति आवश्यक

राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 20(101)/एस/एफ/बजट/लेखा/आकाशि/2019/63 दिनांकः 9/10/19

प्राचार्य, समस्त राजकीय महाविद्यालय (पुरूष/महिला/विधि/टी.ए.डी)
सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा (जोधपुर/उदयपुर/बीकानेर/अजमेर/कोटा)
कार्यालयाध्यक्ष एवं आहरण वितरण अधिकारी कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर
सहायक लेखाधिकारी (अनुदान/छात्रवृत्ति) कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

विषय :– आगामी वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2019–20 के आय–व्यय एवं संशोधित अनुमान प्रस्तुत करने बाबत।

संदर्भ :– आयुक्तालय का पत्रांक.एफ 20(101)/एस/एफ/बजट/लेखा/आकाशि/2019/52 दिनांक 20.09.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा समस्त आहरण वितरण अधिकारियों/योजना प्रभारी अधिकारियों को निर्धारित तिथि को बजट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। लेकिन ऑफिस आई डी (247, 253, 264, 270, 274, 277, 283, 287, 291, 331, 335, 336, 341, 344, 346, 348, 349, 350) के सम्बन्धित प्राचार्यों/आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा निर्धारित तिथि को बजट प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः सम्बन्धित प्राचार्य/आहरण वितरण अधिकारी निर्धारित समय पर बजट प्रस्तुत नहीं करने के स्पष्टीकरण के साथ आगामी तिथि 10 एवं 11 अक्टूबर 2019 को आवश्यक रूप से व्यक्तिशः उपस्थित होकर बजट प्रस्तुत करें।

बजट प्रस्तुतीकरण के दौरान यह दृष्टिगत हुआ कि इस वित्तीय वर्ष 2019–20 में संवेतन के अतिरिक्त मदों में आवंटित मूल बजट का अभी तक उपयोग नहीं किया गया है जबकि बजट के साथ T.A, Medical, OE में अतिरिक्त बजट की मांग की जा रही है। इस क्रम में स्पष्ट निर्देशित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष में संवेतन के अतिरिक्त अन्य मदों में आवंटित बजट की नियमानुसार पूर्ण उपभोग किये जाने पर ही अतिरिक्त आवंटन पर वित्त विभाग द्वारा विचार किया जाता है। यदि व्यय समानुपातिक रूप से नहीं होता तो अतिरिक्त आवंटन प्राप्त नहीं होता। अतः सभी आहरण वितरण अधिकारी उपलब्ध बजट के अनुसार बकाया (यदि कोई हो) दावों का नियमानुसार भुगतान एक सप्ताह में कराया जाना सुनिश्चित करावें।

बी.एफ.सी. मीटिंग के अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में होने के कारण महाविद्यालय के बजट प्रस्तुतीकरण हेतु निर्धारित तिथियों में निम्नानुसार परिवर्तन किया जाता है। अतः नवीन तिथि पर बजट प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करावें।

क्र.सं.	ऑफिस आई डी	बजट प्रस्तुतीकरण की पूर्व तिथियां	बजट प्रस्तुतीकरण की नवीन तिथि
01	3340, 8709, 9927, 12116, 13162, 16500, 18357	21.10.19	14.10.19
02	24199, 24200, 24201, 24202, 24203, 24204, 20205, 24206,	21.10.19 22.10.19	15.10.19
03	320, 321, 322, 323, 338	22.10.19	16.10.19
04	2251, 5895, 10295, 13431, 15384, 20277	23.10.19	18.10.19

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 20(101)/एस/एफ/बजट/लेखा/आकाशि/2019/ दिनांक :

प्रतिलिपि : 01. वेबसाइट प्रभारी को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

02. निजी सहायक, वित्तीय सलाहकार को संबंधित प्राचार्यों को दूरभाष कर सूचित कराने हेतु।

वित्तीय सलाहकार
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपर